# 2026

## HINDI — MDC

### Paper : CC-7

### (Hindi Natak evam Ekanki)

### Full Marks : 75

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

## (हिंदी नाटक एवं एकांकी)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) "यह रामगुप्त गौरव से नष्ट, आचरण से पतित और कर्मों से राजकिल्विषी क्लीव है। ऐसी अवस्था में रामगुप्त का ध्रुवस्वामिनी पर कोई अधिकार नहीं।"

(ख) सोच रहा हूँ कि वह आषाढ़ का ऐसा ही दिन था। ऐसी ही घाटी में मेघ भरे थे और असमय अंधेरा हो आया था। मैंने घाटी में एक आहत हरिणशावक को देखा था और उठाकर यहाँ ले आया था। तुमने उसका उपचार किया था।

(ग) तुमने मेरे यौवन की आहुति देकर गुरु दक्षिणा जुटाई है। यौवन व रूप तो मिल जाएंगे, पर दिल का क्या करुंगी जो छलनी हो चुका है।

(घ) इस युवक की प्रतिभा ने मुझे मुग्ध कर लिया है। राजीव तुम नहीं जानते। मुझे प्रधान के पद से कोई मोह नहीं। मोह है तो यही कि कोणार्क पूरा हो जाय। अब इस युवक ने ठंडी होती हुई राख को फूंक मारकर प्रज्वलित कर दिया है।

(ङ) उपनिषद पढ़ने वाले दारा से सल्तनत छीनी ... क्या यह गुनाह है? लेकिन कोई आवाज कानों में कहती है कि आलम! तूने इस्लाम का नाम लेकर दुनिया को धोखा दिया है। तूने इस्लाम की हिदायतों को नहीं समझा।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) 'अंधेर नगरी' नाटक की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए।

(ख) स्त्री अस्मिता के परिप्रेक्ष्य में 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक में त्रिकोणीय प्रेम की मार्मिक अभिव्यक्ति हुई है, कथन की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी की मूल संवेदना पर विचार कीजिए।

(ङ) 'स्वर्ग में विप्लव' एकांकी की समस्याओं पर विचार कीजिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) 'अंधेर नगरी' नाटक किस युग में लिखा गया?

(ख) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के किसी एक पुरुष पात्र का नाम बताइए।

(ग) प्रियांगुमंजरी किस नाटक की पात्र है?

(घ) कोणार्क के रचनाकार कौन हैं?

(ङ) 'स्वर्ग में विप्लव' एकांकी के रचनाकार कौन हैं?

(च) गालव किसका शिष्य था?

(छ) औरंगजेब की पुत्री का नाम बताइए।

(ज) माधवी के पिता कौन हैं?

(झ) महंत जी के किसी एक चेले का नाम बताइए।